To Drain Out the Dirty Water

*42. **SH. INDU RAJ (Baroda)** : Will the Development and Panchayats Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that the water floods into streets, passages and houses due to overflow of ponds in the rainy season and lack of drainage in the villages Banwasa, Rindhana, Kathura, Aahulana, Madina, Baroda, Gangana, Shamdi, Mundlana, Jagsi, Bichpadi, Aawli, Katwal, Rukhi and Ragra of Baroda Assembly Constituency; and

b) if so, the time by which the abovesaid problem is likely to be solved togetherwith the details thereof?

DEVENDER SINGH BABLI, DEVELOPMENT & PANCHAYATS MINISTER

a) Yes sir. The villages mentioned in the question are located in low lying areas. Historically, the level of underground water table has been very high in these villages.

b) During rainy season de-watering in these villages is done on regular basis by using Diesel Engine/Electric Motor/Tractor Pump Sets with the help of Gram Panchayats and Irrigation Department.

The Development and Panchayts Department has dug, desludged and desilted one pond each in villages namely Banwasa, Rindhana, Ahulana, Shamri, Mundlana and Bichpari for increasing their capacity to store rain water. One pond in Baroda Mor will also be treated similarly after tender process is over. In village Rukhi, underground pipeline has been laid to drain out excess water from the abadi areas.

गन्दे पानी की निकासी करना

***42. श्री इन्दु राज (बड़ौदा) :**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों बनवासा, रिंढाणा, कथूरा, अहुलाना, मदीना, बरोदा, गंगाना शामडी, मुडलाना, जागसी, बिचपड़ी, आवली, कटवाल, रूखी तथा रागड़ा में बरसात के मौसम में तालाबों के ओवरफ्लो होने और जल निकासी की कमी के कारण गलियों, रास्तों और घरों में पानी भर जाता है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की सम्भावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

देवेन्द्र सिंह बबली, विकास एवं पंचायत मंत्री

क) हाँ श्रीमान्। प्रश्न में उल्लेखित गांव निचले इलाकों में स्थित हैं। ऐतिहासिक रूप से इन गांवों में भूमिगत जल का स्तर काफी ऊंचा है।

ख) वर्षा ऋतु के दौरान इन गांवों में ग्राम पंचायतों और सिंचाई विभाग की मदद से डीजल इंजन/इलैक्ट्रिक मोटर/ट्रैक्टर पम्प सैट का उपयोग करके नियमित आधार पर जल निकासी का कार्य किया जाता है।

विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा गांव बनवासा, रिंढाणा, अहुलाना, शामडी, मुडलाना और बिचपड़ी में एक–एक तालाब खोद कर, गाद तथा मिट्टी निकालकर बारिश के पानी को संग्रहित करने की क्षमता बढाई गई है। गांव बरोदा मोर के एक तालाब की टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने उपरान्त इसी तरह शोधन किया जाएगा। गांव रूखी में आबादी क्षेत्र से अतिरिक्त पानी निकालने के लिए पाईपलाईन बिछाई गई है।